दिनांक : 01.05.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- केंद्र सरकार ने जाति गणना को दी मंजूरी, आगामी जनगणना के साथ होगी जातियों की भी गणना।
- पहला विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन-वेव्स आज से मुंबई में होगा शुरू।
- भारत ने पाकिस्तानी विमान कंपनियों के लिए अपना वायु क्षेत्र किया प्रतिबंधित।
- आईपीएल में आज राजस्थान रॉयल्स का सामना मुंबई इंडियन्स से होगा।

जाति जनगणना-मंत्रिमंडल

केंद्र सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना को सम्मिलित करने का निर्णय किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्य समिति ने कल यह फैसला किया। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जनगणना केंद्र का विषय है।

मंत्रिमंडल ने चीनी मौसम 2025-26 के लिए 355 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तय करने को भी स्वीकृति दी। मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने शिलांग से सिलचर तक नए राजमार्ग के निर्माण को स्वीकृति दी। इस पर 22 हजार 864 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

जाति जनगणना - शिवराज सिंह

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक कार्य समिति ने जाति जनगणना के निर्णय को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह जनगणना पूरी तरह पारदर्शी और देश हित में होगी।

वहीँ, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जातिगत गणना के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना सिर्फ आंकड़े नहीं होंगे, बल्कि देश के गरीब, पिछड़े, कमजोर और वंचित नागरिकों के जीवन में बदलाव के संवाहक बनेंगे।

भारत- वेव सम्मेलन

पहला विश्व श्रव्य -दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 आज से मुंबई में शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह समारोह ऑडियो विजुअल और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा। सम्मेलन की थीम है कनेक्टिंग क्रियेटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना और इसमें फिल्मों, ओटीटी, गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रसारण और उभरती तकनीक को साथ लाकर इस क्षेत्र में भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना है।

मुख्यमंत्री-दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खंडवा जिले के हरसूद में आयोजित तेंदूपत्ता, वन समितियों और जनजातीय सम्मेलन में शामिल होंगे। डॉ. यादव द्वारा सम्मेलन में विभिन्न हितलाभ का वितरण किया जायेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे।

वहीँ, मुख्यमंत्री ने कल शिवपुरी, इंदौर, धार, हरदा, छिंदवाड़ा और पन्ना जिलों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा है कि सामूहिक विवाह फिजूलखर्ची को रोकने, आडम्बर और दिखावे पर नियंत्रण और समय की बचत की दृष्टि से उपयोगी हैं। ऐसे विवाह समारोह सरकार द्वारा प्रोत्साहित किए जा रहे हैं।

भारत पाकिस्तान वायु क्षेत्र

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए पाकिस्तानी विमान कंपनियों के लिए अपना वायु क्षेत्र प्रतिबंधित कर दिया है। यह फैसला 23 मई तक प्रभावी रहेगा। नागरिक

उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि सैन्य विमान सहित पाकिस्तान में पंजीकृत, वहां से संचालित या लीज पर परिचालित विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र उपलब्ध नहीं होगा। इस बारे में नोटिस जारी कर दिया गया है।

नरवाई प्रतिबन्ध

देश में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने के मामलों में वृद्धि को देखते हुए सरकार ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा अब और भी सख्त कदम उठाये जा रहे हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है की यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है तो उसे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। यह फैसला आज से लागू होगा।

खेत में आग लगाने से जमीन में उपलब्ध पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरक क्षमता में भी गिरावट आती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है तो उसे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 6000 रुपये का लाभ नहीं दिया जाएगा। साथ ही, अब नरवाई जलाने वाले किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल भी नहीं बेच पाएंगे।

पर्यावरण, मृदा संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय आज से लागू होगा। मध्यप्रदेश में इस साल नरवाई जलाने के 17 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिसमें 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और 100 से अधिक थ्स् दर्ज की गई हैं।

मजदुर दिवस

आज प्रदेशभर में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन श्रमिकों के अधिकारों और स्थितियों की वर्तमान स्थिति पर विचार करने का दिन है। यह दिवस उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, उचित कार्य घंटे और शोषण के उन्मूलन की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। श्रमिक दिवस के अवसर पर जबलपुर, भोपाल सहित सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

वकील राहत

नए वकीलों के लिए राहत भरी खबर है। अब वे ऑल इंडिया बार एग्जाम पास करने के लिए पहले की तरह दो नहीं, बल्कि तीन साल का समय ले सकेंगे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने यह फैसला स्टेट बार काउंसिल्स की मांग पर लिया है। जबलपुर में स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने बताया कि यह राहत सिर्फ उन वकीलों को दी गई है, जो वर्ष 2022 या उसके बाद स्टेट बार में नामांकित हुए हैं। स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता के अनुसार अगर कोई अधिवक्ता तीन साल की अवधि में भी एआईबीई पास नहीं करता है तो अधिवक्ता का दर्जा खत्म कर दिया जाएगा।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल टी-20 क्रिकेट में आज जयपुर के सवाईमान सिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का सामना मुम्बई इंडियन्स से होगा। मैच शाम साढे सात बजे से खेला जायेगा। वहीँ, कल रात पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को चार विकेट से हरा दिया।

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर और दो गेंदों में 190 रन पर सिमट गई। पंजाब किंग्स ने दो गेंद शेष रहते जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। उसने छह विकेट पर 194 रन बनाए।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर के ग्राम झलारिया में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। समारोह में 112 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।
- डिंडोरी में कल वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया को लेकर एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- सतना जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चित्रकूट के विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई अभियान चलाया गया।
- रायसेन जिले में नरवाई जलाने पर 47 एफआईआर दर्ज की गई हैं। जिले में पर्यावरण क्षति के 853 प्रकरणों में 18 लाख आठ हजार रु जुर्माने की कार्रवाई भी की गई है।
- नर्मदापुरम जिले की पिपरिया में कल रात तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोग घायल हो गए। इनमें 5 घायल लोगों की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है।
- अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील के ग्राम लांघ टोला पटना में एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गयी।

- आगरमालवा खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आज से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।
- भोपाल से हज के लिए दूसरी और आखिरी फ्लाइट कल सऊदी अरब के लिए रवाना हुई। इस उड़ान में भोपाल जिले के 13 यात्रियों सहित 22 जिलों के कुल 108 यात्री रवाना हुए।

-------